बरगी परियोजना से बनी नहरों की सांसद ने परखी हकीकत

कटनी के कैलवारा से झुकेही ,श्यामनगर-रहिकवारा तक किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सतना, 15 जुलाई. बरगी परियोजना के माध्यम से नर्मदा का पवित्र जल सतना जिले के किसानों के खेतों तक पहुंचाने की दिशा में तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंचती दिखाई दे रही हैं।

बरगी परियोजना की सबसे बड़ी तकनीकी चुनौती रही सुरंग का कार्य पूरा होने के बाद अब पूरा फोकस नहरों के निर्माण, सफाई और शेष अवरोधों को दूर करने पर है। बुधवार को सतना सांसद गणेश सिंह ने कटनी जिले के कैलवारा से झुकेही, उचेहरा, श्यामनगर और रहिकवारा तक बरगी नहर परियोजना का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि वीरेंद्र द्विवेदी व बरगी परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों का दल भी उनके साथ मौजूद रहा। बरगी सिंचाई परियोजना पूरी होने के बाद सतना और मैहर जिले के कुल 774 गांवों की लगभग 1 लाख 35 हजार 573 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इससे हजारों किसानों को वर्षभर सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा और क्षेत्र की कृषि व्यवस्था में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है।

कहां क्या दिक्कत इसकी ली जानकारी

निरीक्षण के दौरान सांसद ने नहर की वर्तमान स्थिति, निर्माण कार्यों की प्रगति तथा किसानों तक पानी पहुंचाने में आ रही बाधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि परियोजना का उद्देश्य तभी पूरा माना जाएगा जब नर्मदा का पानी बिना किसी रुकावट के किसानों के खेतों तक पहुंचे। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने और अवरोधों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि कैलवारा से रहिकवारा तक मुख्य नहर में अब कोई बड़ी बाधा नहीं बची है और आवश्यक तैयारियां पूरी होने के बाद यहां तक पानी लाया जा सकता है।

रुकावटें खत्म करने को कहा

रहिकवारा से पन्ना जिले के सुंदरा होते हुए झाली तक नहर निर्माण का कार्य जारी है। इस हिस्से में कई स्थानों पर निर्माण संबंधी रुकावटें सामने आई, जिन्हें जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए। वहीं सिंहपुर क्षेत्र के पास सड? के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया जारी है तथा नागौद क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रॉसिंग और भुलनी वितरिका में भी कुछ तकनीकी बाधाएं बनी हुई हैं। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि बेरमा से अमरपाटन होते हुए रीवा जाने वाली नहर में बेरमा से भैंसासुर तक लगभग चार किलोमीटर क्षेत्र में मुआवजा वितरण का मामला लंबित है। इसी कारण इस हिस्से का निर्माण कार्य रुका हुआ है।

एडीएमई के विरुद्ध रेल कर्मियों का विरोध प्रदर्शन

गेट मीटिंग कर डीआरएम के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

सतना 15 जुलाई. एडीईएन के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की घटना को अभी कुछ दिन बीते ही थे कि अब रेल कर्मियों के निशाने पर एडीएमई आ गए.कैरेज एण्ड वैगन वर्कशॉप में पदस्थ कर्मचारियों ने एडीएमई के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करने के बाद मण्डल रेल प्रबंधक के नाम से संबोधित ज्ञापन सौंपा.

वेस्ट सेंट्रल रेलवे वकर्स यूनियन के सचिव सचिन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न समस्यायों के निराकरण की मांग को लेकर कैरेज एण्ड वैगन वर्कशॉप में बुधवार को गेट मीटिंग का आयोजन किया गया. जिसमें सबसे कर्मचारियों की सबसे प्रमुख समस्या यह सामने आई कि एडीएमई अशोक चौरसिया द्वारा वेस्ट सेंट्रल वर्कर्स यूनियन से जुड़े कर्मचारियों और पदाधिकारियों को अनावश्यक रुप से प्रताड़ित किया जाता है. कर्मचारियों ने यह आरोप भी लगाया कि बिला उचित कारण चार्जशीट जारी करना, सर्विस रिकार्ड खराब करना, मानसिक दबाव बनाना और अनुचित प्रशासनिक कार्रवाई करना एडीएमई की कार्याशैली का हिस्सा बन चुका है. इसी कड़ी ममें कर्मचारियों ने अपनी मांग रखते हुए कहा कि एसएफ-11 पर न सिर्फ रोक लगाई जाए बल्कि लंबित की निष्पक्ष समीक्षा हो, कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण रेनकोट उपलब्ध कराई जाए, किसी कर्मचारी के रिफ्रेशर कोर्स में भेजे जाने पर वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, गंभीर बीमारी अथवा चिकित्सकीय कारणों से प्रभावित कर्मचारियों की यथा संभव डे ड्यूटी लगाई जाए और इसके साथ ही 9 अन्य मांगे रखी गईं. इन सभी मांगों से संबंधित ज्ञापन को डीआरएम के नाम संबोधित करते हुए सौंपा गया.

यूनियन के बीच का टकराव...

कैरेज एण्ड वैगन वर्कशॉप में पदस्थ रेल कर्मियों द्वारा प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए भले ही एडीएमई के विरुद्ध मोर्चा खोलने का प्रयास किया जा रहा हो. लेकिन रेलवे के जानकार इसे युनियन के बीच का टकराव के तौर पर देख रहे हैं. बताया गया कि एक ओर जहां वेस्ट सेंट्रल वर्कर्स यूनियन द्वारा अधिक से अधिक कर्मचारियों को अपने संगठन में शामिल कर प्रभाव बढ़ाने का प्रयास किया जाता है. तो वहीं दूसरी ओर वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की कार्यशैली भी कुछ ऐसी ही नजर आती है. चूंकि एडीएमई पूर्व में वेस्ट सेंट्रल मजदूर संघ से जुड़े हुए थे. लिहाजा उन पर उसी युनियन से अधिक से अधिक कर्मचारियों को जोड़ने का दबाव बनाने जैसे आरोप लगाए जा रहे हैं. जबकि उसकी काट के लिए दूसरी युनियन के कर्मचारियों ने प्रताड़ना का आरोप लगाकर नया मोर्चा खोल दिया है.

चाकू की नोक पर मोबाइल-स्कूटी लूटने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सतना, 15 जुलाई. चाकू की नोक पर स्कूटी और मोबाइल लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने नाबालिग समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी कोलगवां सुदीप सोनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जुलाई की रात करीब 11:20 बजे, फरियादी अमित श्रीवास्तव उम्र 23 वर्ष निवासी आदर्श नगर नईबस्ती अपने दोस्त अश्वनी शुक्ला के साथ मंदिर से लौटकर आईटीआई के पास गल्ला मंडी मोड़ पर खड़े होकर बात कर रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात युवक वहां पहुंचे। आरोपियों ने पहले फरियादी से पैसे मांगे और मना करने पर धारदार चाकू निकालकर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी चाकू की नोक पर पीड़ित के दोस्त का सैमसंग ,-73 मोबाइल और फरियादी की होण्डा स्कूटी (नंबर स्क्क्ष्9ंछ्व7413) जबरन लूटकर मौके से फरार हो गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोलगवां में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी कड़ी में कोलगवां पुलिस द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और तकनीकी साक्ष्यों व हुलिए के आधार पर त्वरित घेराबंदी करते हुए तीनों संदेहियों को धर दबोचा। सख्ती से की गई पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिनकी निशानदेही पर लूटा गया मशरूका बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निखिल बाल्मीक पिता संतोष बाल्मीक उम्र 19 वर्ष निवासी आईटीआई के पास हरिजन बस्ती और भारत उर्फ राजेन्द्र उर्फ छोटू बंसल पिता पप्पू बंसल उम्र 21 वर्ष निवासी आईटीआई बसोर बस्ती और एक विधि विरुद्ध बालक के तौर पर बताई गई।

एसपी ने आरक्षक को किया निलंबित

▸ पैसे के लेन-देन का ऑडियो वाइरल होने पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सतना 15 जुलाई. आदतन एवं कुख्यात अपराधी के साथ कथित डील करने से संबंधित ऑडियो सोशल मीडिया में वाइरल होते ही पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े होने लगे. जिसे संज्ञान में लेते हुए एसपी ने फौरन आदेश जारी करते हुए संबंधित आरक्षक को निलंबित कर दिया.

सोशल मीडिया में एक ऑडियो वाइरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया. सामने आई जानकारी के अनुसार ऑडियो में सभापुर थाना क्षेत्र के आदतन एवं कुख्यात अपराधी और थाने में पदस्थ आरक्षक अमोद शर्मा के बीच बातचीत की जा रही थी. बातचीत में लेन-देन का भी जिक्र सामने आया. जिसके चलते वाइरल ऑडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने एसडीओपी चित्रकूट को मामले की जांच सौंप दी. एसडीओपी द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करते हुए आरक्षक 1067 अमोद शर्मा को निलंबित कर दिया. गौरतलब है कि वाइरल ऑडियो को प्रथम दृष्ट्या गंभीर कदाचरण, पदीय दायित्वों के प्रतिकूल और पुलिस की छवि को धूमिल करने वाला पाया गया.

कलेक्टर ने किया आयुष्मान शिविरों का निरीक्षण

सतना 15 जुलाई. कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने बुधवार को शहर के अमौधा सहित अन्य क्षेत्रों में आयोजित आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत लगाए जा रहे शिविरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविरों में उपस्थित हितग्राहियों से सीधे संवाद कर योजना के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली तथा पात्र हितग्राहियों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाये, ताकि अधिक से अधिक पात्र परिवारों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल सके।

केंद्रीय जेल में तैनात 19 कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

नवभारत न्यूज

सतना, 15 जुलाई. केन्द्रीय जेल सतना में बुधवार को राज्य शासन पदोन्नति नियम 2025 के तहत जेल मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार केन्द्रीय जेल सतना में पदस्थ प्रहरी व मुख्य प्रहरियों को पदोन्नत किया गया।

जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित कर 03 मुख्य प्रहरियों को प्रमुख मुख्य प्रहरी के पद पर व 16 प्रहरियों को मुख्य प्रहरी पद पर पदोन्नति दी गई। जेल अधीक्षक, जेल उपअधीक्षक, कल्याण अधिकारी, सहायक जेल अधीक्षक द्वारा पदोन्नत 03 मुख्य प्रहरी को एक स्टार लगाकर प्रमुख मुख्य प्रहरी पद पर, 16 प्रहरियों को 03 लाल फित्ती लगाकर मुख्य प्रहरी के पद पर पदोन्नत किया गया। जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल सतना द्वारा पदोन्नत सभी कर्मचारियों को पदोन्नति प्राप्त होने पर शुभकामनायें दी. उन्होने कहा कि आपको मिली यह पदोन्नति कर्तव्यनिष्ठता, ईमानदारी, अनुशासन और संस्था तथा शासन के प्रति की गई लगनपूर्ण सवा के कारण प्राप्त हुई है। आपके द्वारा अपने कर्तव्यों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया गया इसी का प्रतिफल पदोन्नति है। किसी भी कर्मचारी को पदोन्नत मिलने से उसके मनोबल में वृद्धि होती है.

इनको मिली पदोन्नति

पदोन्नति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में सत्यभान द्विवेदी, रघुनदन कोल, पारसनाथ माझीं इन्हे मुख्य प्रहरी से प्रमुख मुख्य प्रहरी पद पर पदोन्नत किया गया। चंद्रिका प्रसाद विश्वकर्मा, अनिल कुमार द्विवेदी, रामसुजान तिवारी सैयद इसरार अली, मुन्नालाल कोल, शिब्बूलाल कोल, खेमराज प्रजापति, अखिलेश कुमार राय, हरलाल लोधी, विश्वनाथ सिंह घोषी, सच्चितानंद तिवारी, श्रीमती शीला अहिरवार, राजकुमार कोल, श्रीमती सावित्री देवी कोल, श्रीमती रेणु त्रिपाठी, प्रमोद कुमार सिंह चौहान को प्रहरी से मुख्य प्रहरी पद पर पदोन्नत किया गया। साथ ही बढ़ई अनुदेशक अशोक कुमार कहार को वरिष्ठ बढ़ई अनुदेशक पद व बुनाई अनुदेशक नवनीत सिंह ठाकुर को वरिष्ठ बुनाई अनुदेशक पद पर पदोन्नति होने पर जेल स्टॉफ द्वारा बधाई एवं शुभकामनायें दी गई।

नशे से दूरी है ज़रूरी को लेकर निकली जागरूकता रैली

नवभारत न्यूज

सतना, 15 जुलाई. मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा नशा मुक्ति के उद्देश्य से 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में सतना पुलिस द्वारा जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान के अंतर्गत विभिन्न माध्यमों से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

अभियान का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

इसी क्रम में बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नगर) गौरव पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) प्रेमलाल कुर्वे की उपस्थिति में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने नागरिकों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, भविष्य और पूरे समाज को भी प्रभावित करता है। सभी से जीवनभर नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया।

बांटे गए पंपलेट

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस परेड ग्राउंड, सतना से एक जागरूकता रैली निकाली गई, जो कोठी तिराहा से होकर पुन: पुलिस लाइन पहुंची। रैली के दौरान आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए जनजागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए तथा लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी मुख्यालय मनोज दीक्षित और आरआई देविका सिंह सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

युवा संगम मेला में 111 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन

नवभारत न्यूज

सतना, 15 जुलाई जिले के शासकीय आईटीआई कॉलेज में बुधवार को मासिक युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित इस मेले में स्थानीय एवं बाहरी कुल 09 कंपनियों ने भाग लिया।रोजगार मेले में 123 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के समक्ष साक्षात्कार दिया। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 111 अभ्यर्थियों का विभिन्न नियोजकों द्वारा प्राथमिक रूप से चयन किया गया। बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी और चयन से रोजगार के प्रति उत्साह का माहौल देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को नियमित रूप से किया जाता है।

युवा संगम रोजगार मेला आज शासकीय आईटीआई मैहर में

मैहर 15 जुलाई. जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय आईटीआई के सहयोग से 16 जुलाई को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कालेज हरनामपुर मैहर में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी मैहर ने बताया कि रोजगार मेले में शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

अवैध नशे को लेकर मैहर पुलिस ने दर्ज किये 16 प्रकरण

नवभारत न्यूज

मैहर 15 जुलाई. नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं के रोकथाम की दिशा में मैहर पुलिस ने 1 जनवरी 2025 से 15 जुलाई 2026 तक 12 लाख 6 हजार 500 रूपये कीमत का 89 किलो 188 ग्राम गांजा और 2 लाख 830 रूपये मूल्य की 795 शीशियां नशीली कफसिरप की जप्त कर 29 आरोपियों के विरूद्ध 16 प्रकरण दर्ज कर एनडीपीएस की कार्यवाही की है।

इन प्रकरणों में गांजा के परिवहन में संलिप्त 19 लाख रूपये के तीन चार पहिया वाहन तथा कोरेक्स के परिवहन में 9 लाख रूपये के दो चार पहिया वाहन भी जप्त किये गये। इस आशय की जानकारी बुधवार को कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी की अध्यक्षता में संपन्न नाकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक में दी गई।

एक नजर में

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने सांसद से जताई चिंता

सतना. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सतना के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल के नेतृत्व में सतना सांसद गणेश सिंह से सौजन्य भेंट कर जिले में चिकित्सकों एवं नर्सिंग होम पर बढ़ रही हिंसा और अभद्र व्यवहार की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। आई एम ए प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय एडिटर डॉ आर के नेमा, उपाध्यक्ष डॉ विपिन दुबे, सचिव डॉ आलोक खन्ना, डॉ आशीष जैन, डॉ जी पी सिंह, डॉ सुनील अग्रवाल ,डॉ सुनील कारखुर, डॉ कार्तिकेय गुप्ता, डॉ मुदित जैन एवं डॉ संकल्प जैन शामिल थे।

फोरम के पदाधिकारियों ने किया स्वागत

सतना. विंध्य विकास फोरम के पदाधिकारियों द्वारा सतना प्रवास पर पधारे मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीय स्वागत किया इस अवसर पर फोरम के पदाधिकारियों ने उन्हें संगठन की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी भी दी।

चेम्बर पदाधिकारियों से की सौजन्य भेंट

सतना। डिस्ट्रिक्ट इन्क्यूबेशन सेंटर, सतना के सी.के. तिवारी एवं सुश्री संजना ने विन्ध्य चेम्बर

ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, सतना के कार्यालय पहुंचकर चेंबर के अध्यक्ष सतीश सुखेजा एवं महामंत्री मनोज कटारे से सौजन्य भेंट की तथा नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।चेम्बर महामंत्री मनोज कटारे ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट इक्यूवेशन सेंटर जिले के 10 हजार युवाओं का हब बनाना चाहते है जिससे युवाओं के रोजगार के नए अवसर खुल सके, साथ ही महिला उद्यमियों के लिए प्रस्तावित डिजिटल प्लेटफॉर्म पर चर्चा हुई. जिसे निकट भविष्य में लांच किया जा सकता है। श्री तिवारी ने बताया कि नगर के युवा उद्यमियों के पलायन रोकने के लिए नए स्टार्टअप शुरू करने के लिए आवश्यक सहयोग, ट्रेनिंग देने के लिए डिस्ट्रिक्ट इक्यूवेशन सेंटर, विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, सतना के साथ पहल करना चाहता हैं।

भारतीय ज्ञान परंपरा आज भी विश्व के लिए मार्गदर्शक : विवेक शेण्ड्ये

समाजसेवी शंकर प्रसाद स्मृति व्याख्यानमाला के 11वें सोपान का आयोजन

नवभारत न्यूज

सतना, 15 जुलाई विद्या भारती महाकौशल प्रांत द्वारा आयोजित श्री शंकर प्रसाद स्मृति व्याख्यान माला 11वाँ सोपान के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता विषय पर प्रेरणादायी व्याख्यान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विवेक शेण्ड्ये, अध्यक्ष, विद्या भारती मध्यभारत प्रांत ने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा आज भी संपूर्ण विश्व के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने नई शिक्षा नीति को भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनर्स्थापन का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए युवाओं से भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. इलेश जैन, निदेशक एवं प्रधान ट्रस्टी, सद्गुरु सेवा ट्रस्ट, चित्रकूट ने की। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र सेवा की भावना का विकास करना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत के प्रांत कार्यवाह उत्तम बनर्जी तथा विद्या भारती महाकौशल प्रांत के प्रादेशिक सचिव सुधीर अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्या भारती द्वारा संस्कारयुक्त एवं राष्ट्रनिष्ठ शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए समाज के सभी वर्गों से इस अभियान को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में महापौर योगेश ताम्रकार, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, विधायक विक्रम सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती पाण्डेय, चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव, विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी, नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार, चैंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। व्याख्यान माला का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और जीवन मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाकर उन्हें राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों का सम्मान किया गया तथा महापौर योगेश ताम्रकार ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए भारतीय संस्कृति और शिक्षा मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प दोहराया।